# पीएम मोदी 25 को रखेंगे पीएम मित्र पार्क की आधारशिला: डॉ.यादव

## रायसेन में बनेगी रेलवे कोच फैक्ट्री,राजनाथ सिंह करेंगे भूमिपूजन

**भोपाल,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बताया कि 25 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के प्रवास पर आएंगे और पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने भोपाल में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बताया कि राज्य सरकार की ओर से कई कार्यक्रमों की श्रृंखला बनाई गई है। जिनका मूल भाव स्वदेशी की भावना को प्रोत्साहन देना है। सीएम ने बताया राज्य के लिए 10 तारीख का दिन स्वदेशीकरण की भावना को लेकर अहम होगा। राज्य में पहली बार रेल कोच बनेंगे। जिन्हें रेल मंत्रालय जहां चाहेगा, निर्यात करेगा। रायसेन जिले की इस परियोजना की लागत लगभग 1800 करोड रुपए है। जिसमें लगभग 1600 से 2000 लोग प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से काम करेंगे। रायसेन जिले के बोहरगंज तहसील के उमरिया गांव में 60.630 हेक्टेयर भूमि का आवंटन सरकार ने कर दिया है। इस उद्योग में वंदे भारत, अमृत भारत, मेट्रो कोच का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि भोपाल मेट्रोपॉलिटन एक्ट बनकर तैयार हुआ है। बीजेपी ने जो कहा था कि मेट्रोपॉलिटन कागज पर नहीं रहेंगे। इसको विकास के कारवां से भागीदार बनाएंगे। ऐसे ही इंदौर, उज्जैन, देवास धार के मेट्रोपॉलिटन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी 25 अगस्त को खुद आएंगे। स्वदेशी निर्माण के लिए टेक्सटाइल्स मालवा-निमाड़ के लिए पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखेंगे। इससे पहले 10 अगस्त को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भोपाल के दौरे पर रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा स्वदेशीकरण की भावना पर पहली बार रेल के कोच भी बनेंगे। मेट्रो ट्रेन की ट्रेन बनेंगे। यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि रहेगी। स्वदेशी अभियान के लिए, यहां बनने वाले कोच देश-विदेश में निर्यात किए जा सकेंगे। जहां-जहां रेल मंत्रालय चाहेगा वहां-वहां निर्यात करेंगे। मेसर्स बीईएमएल लिमिटेड द्वारा निर्माण परियोजना की स्थापना के लिए रायसेन के उमरिया में 1800 करोड़ से काम कर रहे हैं। जिसमें 1600 से 2 हजार लोग प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लोग काम करेंगे। प्रदेश में ये पहली ईकाई भारतीय रेल कोच के निर्माण की सुविधा प्रदान करेगी। जिसके आधार पर रेल निर्माण के मानचित्र पर प्रमुख स्थान के रूप में स्थापित होगा।

रायसेन जिले के गौहरगंज तहसील के उमरिया 60.630 हेक्टेयर भूमि आवंटन कर दिया है। वंदे भारत, अमृत भारत और मेट्रो कोच का निर्माण किया जाएगा। उद्योग लगने से भोपाल और रायसेन क्षेत्र पर बड़े पैमाने पर सहायक उद्योगों का बड़ा बाजार बनेगा। जो कि मध्यप्रदेश की राजधानी और मध्यप्रदेश को अलग-अलग औद्योगिकरण के व्यवसाय का प्रयास करेगा। परियोजना के कुशलतापूर्वक छात्रों के लिए रोजगार के बड़े अवसर प्राप्त होंगे। प्रसन्नता का विषय यह है कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 10 अगस्त को स्वयं हमारे बीच उपस्थित होने वाले हैं। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का लोकसभा क्षेत्र है तो वह रहने वाले हैं। रेल मंत्री भी उपस्थित रहने वाले थे। मगर उनका कुछ काम आने के कारण, वह वर्चुअली जुड़ेंगे। आजादी के हम निवेश के एक नए दौर में जा रहे हैं।14 अगस्त को बलराम जंयती के अवसर पर किसानों के खाते में मंडला से सम्मान निधि ट्रांसफर करेंगे।

## 25 अगस्त को आएंगे,10 अगस्त को राजनाथ सिंह का भी टूर



**तिरंगा अभियान का दूसरा चरण 9 से**–इस बार तिंरगा अभियान का पहला चरण 3-8 अगस्त, दूसरा 9 से 12 होने वाला है। इस अभियान के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैनिकों के महान वीरतापूर्ण स्मरण कराने सशस्त्र और पुलिस बल को कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए आमजन की ओर से हम इनको राखियां भेजने का अभियान चलाने का निर्णय कर रहे हैं। ये हमारी राष्ट्रीय एकता के लिए महत्व का त्योहार है।

## सीएम आज बांटेंगे अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावितों को राहत राशि

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव प्रदेश में प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई विभिन्न क्षतियों जैसे जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति एवं अन्य क्षति के लिये प्रभावितों को 8 अगस्त को सिंगल क्लिक के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे और हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। प्रमुख सचिव राजस्व श्री विवेक पौरवाल ने बताया कि प्रदेश के जिलों में मानसून काल वर्ष 2025 में प्राकृतिक आपदा एवं अतिवृष्टि, बाढ़ से हुई क्षति के प्रभावितों को राहत राशि वितरित की जा रही है।

## एक नजर

### पं.प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम में लोगों की मौत पर सिंघार ने उठाई आवाज



**भोपाल,(निप्र)।** मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा हर साल की तरह इस साल भी सावन में कावड़ यात्रा निकाली गई। जिसमे शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु सीहोर पहुंचे। लेकिन कार्यक्रम के पहले और बाद में भगदड़ होने के चलते 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। तो वही श्रद्धालुओं की मौत को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आवाज उठाते हुए घटना पर कानून कार्रवाई की मांग की है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि जब भगदड़ मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन और क्रिकेटर विराट कोहली के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। तो सीहोर में बार-बार घटनाएं हो रही हैं तो ऐसे में कानून कार्रवाई होनी चाहिए। बता दें कि इसके पहले भी सीहोर में रुद्राक्ष वितरण के दौरान भगदड़ में कई लोगों की मौत हो चुकी है। तो वही इस मामले में प्रशासन क्या कार्रवाई करता है ये तो आने वाला वक्त बताएगा।

### स्टाम्प शुल्क बढ़ाए जाने का विरोध
#### जीतू पटवारी बोले–जनता की जेब पर डाका डाल रही है सरकार



भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर करारा हमला करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जनता की नहीं। केवल राजकोषीय घाटे की चिंता कर रहे हैं, वह भी आम नागरिकों की जेब काटकर! विधानसभा में पारित किए गए भारतीय स्टाम्प मप्र संशोधन और अन्य विधेयकों के जरिए सरकार ने साफ कर दिया है कि अब वह अपनी नाकामी और भ्रष्टाचार का बोझ सीधे जनता पर लादने जा रही है। जरूरी दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क में 100 प्रतिशत से लेकर 500 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी गई है। शपथ पत्र, प्रॉपर्टी एग्रीमेंट, पावर ऑफ अटॉर्नी, लाइसेंस, रजिस्ट्रियों में सुधार जैसे तमाम बुनियादी कागजातों पर अब आम नागरिक को पहले से कई गुना ज्यादा कीमत चुकानी होगी।

प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि यह सरकार अब जनता के लिए जरूरी दस्तावेजों को भी लक्जरी आइटम बना रही है। क्या अब किसी गरीब को किरायानामा या किसी किसान को बंटवारे का सहमति पत्र बनवाना भी भारी आर्थिक बोझ बन जाएगा? क्या यही आपकी सुशासन नीति है? पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब उसकी माली हालत सुधारने के लिए जनता को निचोड़ा जा रहा है।

### प्रो.मिश्र को महर्षि पाणिनी संस्कृत विवि के कुलगुरू नियुक्त

भोपाल,(निप्र)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने प्रो. शिव शंकर मिश्र को महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन का कुलगुरू नियुक्त किया है। प्रो.मिश्र वर्तमान में श्री लाल बहादुर शास्त्रीय राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हैं। श्री मिश्र को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 04 वर्ष की कालावधि के लिए कुलगुरू नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार इनकी सेवा शर्तें एवं निबंधन विश्वविद्यालय के परिनियम-1 के अनुसार शासित होंगे।

## प्रदेश में थमा बारिश का दौर सूखा बीता अगस्त का पहला सप्ताह

**भोपाल,(निप्र)।** बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव नहीं होने से मध्यप्रदेश में अगस्त का पहला सप्ताह सूखा निकल गया। 6 दिन में पौन इंच पानी भी नहीं गिरा है। वहीं, अगले 4 दिन तक भारी बारिश होने के आसार भी नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी एक मानसून ट्रफ, एक अन्य ट्रफ और एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम की एक्टिविटी है, लेकिन प्रदेश में इसका कोई असर नहीं है। इस वजह से भारी बारिश का दौर थमा हुआ है। 10 अगस्त तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। कहीं-कहीं हल्की बारिश जरूर होगी। शिवपुरी में हल्की बारिश, खजुराहो में पारा 35 डिग्री पर पहुंचा बुधवार को शिवपुरी में ही हल्की बूंदाबांदी हुई। दूसरी ओर, छतरपुर के खजुराहो में पारा 35 डिग्री पर पहुंच गया। ग्वालियर, रतलाम, श्योपुर, उज्जैन, ग्वालियर, दमोह, नौगांव, रीवा, सतना, सिवनी, उमरिया में पारा 33 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। वहीं, नर्मदापुरम, जबलपुर, मंडला, सीधी, टीकमगढ़ में 34 डिग्री के पार रहा। भोपाल में अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री दर्ज किया गया। दो महीने में गिरा 28 इंच, अगस्त में 0.7 इंच ही मौसम विभाग के अनुसार, 1 जून से 31 जुलाई तक प्रदेश में औसत 28 इंच बारिश हो गई, लेकिन 1 से 6 अगस्त के बीच सिर्फ 0.7 इंच पानी ही गिरा। हालांकि, यह कुल कोटे की 77 प्रतिशत है। वहीं, अब तक 40 प्रतिशत बारिश ज्यादा हो चुकी है।

## पीएचक्यू ने किया व्यवस्था में बदलाव. मैदान संभालेंगे कार्यालय में जब अधिकारी

भोपाल,(निप्र)। पुलिस मुख्यालय द्वारा व्यवस्था के बदलाव की दिशा में लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे है। अब अधिकारियों के कार्यलयों में बरसों से अटैच पुलिसकर्मियों को मूल पदस्थापना में भेजने के डीजीपी कैलाश मकवाना द्वारा निर्देश दिए गए हैं। डीजीपी ने कहा है कि अतिरिक्त या अटैच स्टाफ को वापस थानों में भेजा जाए। इसी के साथ अधिकारियों को अपने अधीनस्थ स्टाफ की समीक्षा यानी कार्यों का मूल्यांकन कर सूची तैयार करने के लिए भी कहा गया है। बता दें, कुछ दिन पूर्व पीएचक्यू में ऐसे भी पुलिसकर्मी अटैच रहे, जोकि कई महीनों से दफ्तर ही नहीं आते थे। विदिशा और फिर सीहोर जिले में ऐसे दो पुलिसकर्मियों को जांच के दौरान लापता पाया गया। इस बात को लेकर भी पुलिस विभाग का मजाक बना था। डीजीपी मकवाना ने नियम के अनुसार मुयालय में अटैच और पदस्थ कर्मचारियों का रोटेशन करने को कहा है।

## भोपाल बन रहा देश का टैक हब,युवाओं के कॅरियर को मिलेगी नई उड़ान :मुख्यमंत्री

**भोपाल,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल अब नवाचार का केंद्र बनकर भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। यहां ड्रोन, एवीजीसी-एक्सआर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन डाटा इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों के अग्रणी केंद्र और उद्योग साझेदारियां आकार ले रही हैं। भोपाल जल्द ही ड्रोन टेक्नोलॉजी का भी हब बनेगा। एनीमेशन ग्राफि क्स जैसे नए सेक्टर्स भी प्रदेश के युवाओं के कॅरियर को नई उड़ान देने तैयार हैं। भोपाल में सेमी-कंडक्टर और डाटा-सेंटर जैसे ग्लोबल टेक्नोलॉजी ट्रेंड्स भी विकसित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव की विकासमूलक रणनीतिक सोच से भोपाल का हाई-टैक इंडस्ट्रीज के लिए एक मनपसंद गंतव्य के रूप में उभरना कोई संयोग नहीं है, बल्कि, योजनाबद्ध इंफ्रास्ट्रक्चर एवं ईको सिस्टम का विकास और भविष्योन्मुखी नीतियों के निर्माण का परिणाम है। देशी-विदेशी कंपनियां मध्यप्रदेश में उद्यमिता को चुन रही हैं। उन्हें प्रदेश में ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस और नीतिगत प्रक्रिया सहयोग भी मिल रहा है। सेमी-कंडक्टर और ड्रोन जैसे डीप-टैक उपक्रमों से लेकर एवीजीसी और डाटा सेंटर्स तक के लिये मध्यप्रदेश भारत के डिजिटल भविष्य का लॉन्चपैड बनता जा रहा है। ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल में स्थापित हो रहा एवीजीसी-एक्सआर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस युवाओं को गेमिंग, एनीमेशन और वीएफएक्स के क्षेत्र में प्रशिक्षण और स्टार्ट-अप्स के लिए मंच देगा। इसमें एलईडी वर्चुअल प्रोडक्शन स्टूडियो, एआई लैब्स, मोशन कैप्चर सिस्टम और रेंडर फार्म्स जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। यह केंद्र देश के मेट्रो शहरों पर निर्भरता को कम करते हुए एक नया डिजिटल वर्कफोर्स तैयार करेगा।

परिशिष्ट ट
प्रारूप-ण
(नियम 22 (क)(6) देखिए)
धारा 30 के अधीन भूखंडों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना
क्रमांक INDLP 12062544727/ दिनांक/ 07/ AUG/2025
क्र./1742/नग्रानि/Indore 07/AUG /2025

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती /मेसर्स Amita w/o Shankar Lalwani जो नगर/ग्राम Nipanya (og) के खसरा क्रमांक हेतु आदेश क्रमांक 79 दिनांक 2000-5-9 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित Commercial, Local Shoping Center प्रयोजन के भूखंड क्रमांक 1212, 1213 को स्वामी है, और श्री/श्रीमती/मेसर्स Amita w/o Shankar Lalwani जो नगर Indore ग्राम Nipanya (og) के खसरा क्रमांक 181/3में स्थित भूमि के हेतु आदेश क्रमांक 79 दिनांक 2000-05-09 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित Commercial, Local Shoping Center प्रयोजन के भूखंड अथवा नगर/ग्राम Nipanya (og) खसरा क्रमांक 181/3 रकबा 0.020233 भूमि जिसका भूमि उपयोग Commercial है, के स्वामी है, द्वारा उपरोक्त भूखंड/भूखंड एवं भूमियों के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उक्त विलियन के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/objection.aspx?RefApp-21xX8j46pP1742 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा मर्जर की जा रही भूमि/भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https//alpass.mp. gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
जिला इंदौर (मप्र)

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
विद्युत विभाग
E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.: 15/25-26/
ई टेंडर C.E/E&M

निविदा सूचना

दिनांक: 07/08/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025-UAD-442916 07-08-2025 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अंतर्गत सुभाष नगर चौराहे से परदेशीपुरा तुलसी कॉम्पलेक्स के सामने तक सेन्ट्रल लाईट के संधारण संबंधी कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 1 माह ₹5,49,678/- | ₹2,000/- ₹5,500/- | 14.08.2025 5:30 PM |
| 2 | 2025-UAD-442927 07-08-2025 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अंतर्गत अपंगबाल गृह उद्यान में वृद्धाश्रम उद्यान में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 1 माह ₹6,00,221/- | ₹2,000/- ₹6,010/- | 14.08.2025 5:30 PM |
| 3 | 2025-UAD-442950 07-08-2025 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42 के अंतर्गत पालीवाल नगर स्थित मंदिर के पीछे उद्यान में प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण) | 1 माह ₹5,81,614/- | ₹2,000/- ₹5,900/- | 14.08.2025 5:30 PM |
| 4 | 2025-UAD-442955 07-08-2025 | झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 34 के अंतर्गत पिंकसिटी उद्यान में आकर्षक लाईट लगाकर प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण) | 2 माह ₹6,85,812/- | ₹2,000/- ₹6,900/- | 14.08.2025 5:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर शिल्पज्ञ
नगर पालिक निगम, इन्दौर



## शिक्षण सामग्री का वितरण , लाभान्वित हुए 261 स्कूल छात्र- छात्राएं

आष्टा,(निप्र)। सामाजिक संस्था जन सेवा संकल्प के केवल राम मालवीय ने बताया कि इस वर्ष भी आष्टा जनपद के गांव देवली,केलापानी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय व आष्टा मे सेवा केन्द्र पर 261 छात्र-छात्राओं को रबड़ पेंसिल शार्पनर सेट व कापियां के तौर पर निशुल्क शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया।शिक्षण सामग्री वितरण के समय उपस्थित शिक्षक आशीष परमार ने बताया कि संस्था जन सेवा संकल्प द्वारा पहले भी यहां पर सेवा कार्य किया गया था । श्री मालवीय द्वारा शिक्षण सामग्री वितरित करने के साथ ही छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण, स्वच्छता व संस्कार से संबंधित बातें भी बताई गई जो प्रबोधन का कार्य करती हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शासकीय प्राथमिक शाला देवली शाला प्रभारी रमेश चंद्र परमार, ज्ञान सिंह परमार,आशीष परमार भंवरी,अमजद खान,संतोष कुमार परमाल, कला पानी शासकीय विद्यालय प्रभारी शिक्षक उमराव सिंह, विजय वर्मा, समाजसेवी ध्यान सिंह,दीपक काजले सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

BERYL DRUGS LIMITED
Regd. Off.: Ground Floor, 133, Kanchan Bagh, Indore-452001 (M.P.) .Tel.:0731-2517677
Email: beryldrugs25@yahoo.com CIN : L02423MP1993PLC007840

EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / YEAR ENDED 30th JUNE, 2025
(Rs in Lakhs) except per share data

| Particulars | QUARTER ENDING / Current Year Ending (30-06-2025) | Corresponding 3 month ended in previous year (30-06-2024) | Year to date figures/ Previous Year ended (31-03-2025) |
|---|---|---|---|
| 1 Total Revenue from operations (net) | 483.58 | 628.73 | 2255.48 |
| 2 Net profit (loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.97 | 49.57 | 86.57 |
| 3 Net profit (loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.97 | 49.57 | 86.57 |
| 4 Net profit (loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 2.11 | 36.79 | 57.89 |
| 5 Total Comprehensive Income for the period [comprising Profit / (loss) for the period after tax and other Comprehensive Income(after tax)] | 2.35 | 37.06 | 58.05 |
| 6 Paid-up equity share capital | 507.17 | 507.17 | 507.17 |
| 7 Reserves excluding revaluation reserve | 443.36 | 420.02 | 441.01 |
| 8 Earnings per share (of Rs. 10 each) - for continuing operations | | | |
| Basic earnings per share after extraordinary items | 0.04 | 0.73 | 1.14 |
| Diluted earnings per share after extraordinary items | 0.04 | 0.73 | 1.14 |

NOTES : The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ Yearly Financial Results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and on Company's website (www.beryldrugs.com)

For & on behalf of the Board
BERYL DRUGS LTD.
Sd/-
Sanjay Sethi (Managing Director)
DIN : 00090277

Place : Indore
Date : 07.08.2025

C/o/n/v/e/y-Ad

SHREE PACETRONIX LIMITED
CIN: L33112MP1988PLC004317
Regd. Office: Plot No.15, Sector II, Industrial Area, Pithampur, Dist. Dhar (M.P.) 454775
Tel No. 07292-411105, Fax no. 07292-400418
E-mail:pacetronix@hotmail.com website: www.pacetronix.com

STANDALONE/CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2025
(Rs. In Lakhs Except EPS)

| S. No. | Particulars | STANDALONE Quarter Ended 30.06.2025 (Unaudited) | STANDALONE Quarter Ended 30.06.2024 (Unaudited) | STANDALONE Year Ended 31.03.2025 (Audited) | CONSOLIDATED Quarter Ended 30.06.2025 (Unaudited) | CONSOLIDATED Quarter Ended 30.06.2024 (Unaudited) | CONSOLIDATED Year Ended 31.03.2025 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operation (Net) | 536.49 | 490.62 | 1691.92 | 536.65 | 490.76 | 1692.47 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 89.55 | 50.43 | 104.05 | 89.02 | 50.45 | 104.31 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (After Exceptional and/or Extraordinary items) | 89.55 | 50.43 | 104.05 | 89.02 | 50.45 | 104.31 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 67.00 | 37.24 | 75.30 | 66.47 | 37.25 | 74.99 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit /(Loss) for the period after tax and Other Comprehensive Income(after tax)] | 67.00 | 37.24 | 75.30 | 66.47 | 37.25 | 74.99 |
| 6. | Equity Share Capital | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | 1030.87 | | | 1018.22 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10 each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | | |
| | (a) Basic (in Rs.) | 1.86 | 1.03 | 2.09 | 1.85 | 1.03 | 2.08 |
| | (b) Diluted (in Rs.) | 1.86 | 1.03 | 2.09 | 1.85 | 1.03 | 2.08 |

NOTE:
1. The above is an extract of the detailed Statement of Standalone/Consolidated Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full Statement of Standalone/Consolidated Financial Results are available on the stock exchange website (www.bseindia.com) and on company website (www.pacetronix.com) can be accessed from the QR Given Below.
2. The above result of the Company has been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (IND-AS) as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.

Date: 07th August, 2025
Place : Pithampur

QR Code

SHREE PACETRONIX LIMITED
Sd/-
Akash Sethi
Joint Managing Director
(DIN: 08176396)